# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु.स. 9614 /2025 दिनांक : 24 फरवरी, 2025

## कार्यालय-ज्ञाप

अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में दिनांक 13.02.2025 को प्रज्ञा कक्ष, राजभवन में हुई ऑनलाइन बैठक का कार्यवृत्त के बिन्दुओं के सापेक्ष कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 22.02.2025 की आहूत बैठक में अधोलिखित निर्णय लिये गये -

**1- अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन**

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिनांक 08 मार्च, 2025 के अवसर पर निम्नलिखित दो प्रतियोगिताएँ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा सम्पन्न करायी जायेंगी।

(क) भाषण प्रतियोगिता जिसके विषय निम्नवत होगें-

1. दहेज प्रथा उन्मूलन
2. बाल विवाह पर प्रतिबंध
3. विकसित भारत की संकल्पना
4. वृद्धाश्रम की जरूरत क्यों है?
5. कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान

(ख) नाट्य प्रस्तुति (नाट्य प्रस्तुति में 8 से 10 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है) जिसके विषय निम्नवत् हैं :-

1. अहिल्या बाई होलकर
2. द्रौपदी वस्त्रहरण
3. श्रवण कुमार की अपने माता-पिता के प्रति भक्ति
4. भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश
5. राम वनवास
6. भरत मिलाप

प्रतिस्पर्धा के विभिन्न चक्र निम्नानुसार होगेः-

(क) प्रथम चक्र- विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय का चयन किया जायेगा। इसके पश्चात् उन विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय का चयन किया जायेगा।

(ख) द्वितीय चक्र- 06 विश्वविद्यालयों के समूह में प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक प्रतिस्पर्धा में चिन्हित विजेताओं (प्रथम व द्वितीय) के मध्य प्रतिस्पर्धा होगी। 06 विश्वविद्यालय समूह में की जाने वाली प्रतिस्पर्धा में भाषण प्रतिस्पर्धा में प्रत्येक समूह से 02 विजेता (प्रथम व द्वितीय) घोषित किये जायेंगें तथा नाट्य प्रतिस्पर्धा में 02 टीम (प्रत्येक टीम में अधिकतम 10 प्रतिभागी हो सकते हैं) विजेता (प्रथम व द्वितीय) घोषित की जायेंगी ।



Scanned with OKEN Scanner

(ग) तृतीय चक्र- उत्तर प्रदेश राजभवन में प्रदेश स्तरीय प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगी। विजेता छात्रों/टीम के मध्य राजभवन में इन प्रतिस्पर्धाओं (जैसा उक्त प्रस्तर-ख में अंकित है) को दिनांक 08.03.2025 को आयोजित किया जायेगा, जिसकी अध्यक्षता मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा की जायेगी ।

**उक्त प्रतियोगितायों के आयोजनार्थ प्रो॰ विधु द्विवेदी, संकायाध्यक्ष - आधुनिक ज्ञान विज्ञान संकाय को संयोजक तथा डॉ॰ विशाखा शुक्ला, शिक्षाशास्त्र विभाग एवं डॉ॰ रविशंकर पाण्डेय, संस्कृत विद्या विभाग को सह-संयोजक नामित किया जाता है।**

## 2- अधिनियम / परिनियम आदि में संशोधन।

विश्वविद्यालयों के अधिनियम / परिनियम में, NEP 2020 के बाद जो परिवर्तन हुए हैं उन्हें सम्मिलित करते हुए संशोधित अधिनियम/परिनियम निर्गत किये जाने हेतु **सहायक कुलसचिव प्रशासन** को नामित किया जाता है। संशोधित अधिनियम/परिनियम के प्रकाशनार्थ सामान्य प्रशासन विभाग को शासन द्वारा समय-समय पर उपलब्ध कराये गये संशोधनों एवं कार्यपरिषद् द्वारा लिये गये निर्णयों को संकलित कर प्रकाशन संस्थान को उपलब्ध कराया जायेगा।

## 3- 120 प्रपत्रो को भरे जाने के संबंध में ।

राजभवन के निर्दशानुसार 120 प्रपत्र को पूरित कर प्रेषित करने हेतु **डॉ॰ कुञ्ज बिहारी द्विवेदी एवं सिस्टम एनालिस्ट** को नामित किया जाता है। विश्वविद्यालय के समस्त सम्बन्धित विभागों के प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित सूचना प्रपत्रों में पूरित कर संगणक केन्द्र को ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## 4- NAAC मूल्यांकन संबंधी पुस्तक का प्रकाशन

विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में किये गये नैक मूल्यांकन के उपरान्त, नैक द्वारा प्रस्तावित सुझावों पर क्या सकारात्मक परिवर्तन विश्वविद्यालय में सम्मिलित किये गये हैं, के सम्बन्ध में कृत सकारात्मक परिवर्तनों से सम्बन्धित पुस्तक के प्रकाशनार्थ **प्रो॰ रमेश प्रसाद, समन्वयक - IQAC** को नामित किया जाता है। प्रकाशित पुस्तक की एक प्रति सचिवालय को भी उपलब्ध करायी जायेगी।

## 5- पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय।

पढ़े विश्वविद्यालय / पढ़े महाविद्यालय बढ़े विश्वविद्यालय / बढ़े महाविद्यालय, 07 मार्च, 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक अधोलिखित रूप में आयोजित होगा।

| | **दिनांक, स्थान एवं समय** | **प्रतिभागिता** | **संयोजक/सह-संयोजक** |
|---|---|---|---|
| **विश्वविद्यालय परिसर** | **दिनांक : 07.03.2025**<br>**स्थान : पाणिनि भवन सभागार**<br>**समय : पूर्वाह्न 11:00 से मध्याह्न 12:00** | विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक कार्मिक छात्र/छात्रायें एवं अभिभावक | **संयोजक -**<br>**डॉ॰ रविशंकर पाण्डेय** |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गाँवों के बच्चों हेतु | दिनांक : 07.03.2025<br>स्थान : गोद लिये गये गाँव में। | गाँव के बच्चों तथा उनके अभिभावकों के साथ ग्रामीण | संयोजक - प्रो॰ दिनेश कुमार गर्ग<br>सह-संयोजक -डॉ॰ विद्या कुमारी चन्द्रा<br>सह-संयोजक - डॉ॰ विजय कुमार शर्मा |

उक्त में प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्रों का पंजीकरण शासन के निर्देशानुसार कराया जायेगा तथा समस्त कृत कार्यवाही की जियो टैग वाली फोटो संकलित किया जायेगा।

**उक्त कार्यक्रम सम्बद्ध महाविद्यालयों में शासनादेशानुसार आयोजित किये जायेंगे।**

## 6- सामाजिक कुरीतियों यथा दहेज प्रथा निवारण / नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा।

विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय में 'दहेज नहीं लेना, दहेज नहीं देना' की प्रतिज्ञा, 'दहेज प्रथा निवारण' प्रतिज्ञा में 'दहेज न लेंगें और न देंगे' तथा 'नशा मुक्ति प्रतिज्ञा' का कार्यक्रम शासन द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली प्रतिज्ञा के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर स्थित पाणिनि भवन में 07 मार्च, 2025 को अपराह्न 12:15 बजे से आयोजित किया जायेगा। **विश्वविद्यालय स्तर पर उक्त प्रतिज्ञा समन्वयक- एन॰एस॰एस॰ के नेतृत्व में एन॰सी॰सी॰ अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से कराया जायेगा।**

**उक्त कार्यक्रम सम्बद्ध महाविद्यालयों में शासनादेशानुसार आयोजित किये जायेंगे।**

## 7- साइकिल यात्रा।

विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के 25-25 छात्र-छात्राओं के समूह द्वारा साइकिल यात्रा जो लगभग 150 कि0मी0 दूरी की होगी जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा गोद लिए गए गाँवों तथा ऐतिहासिक स्थान का भ्रमण किया जायेगा। उक्त यात्रा का रूट चार्ट एवं ठहराव स्थान अधोलिखित रूप में किया जाना सुनिश्चित किया जाता है।

**साइकिल यात्रा रूप चार्ट**

| दिन | प्रारम्भ स्थान | प्रथम ठहराव | द्वितीय ठहराव | तृतीय ठहराव | पड़ाव स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | विश्वविद्यालय परिसर से | पाण्डेयपुर | सारनाथ | सर्ववेद | मार्कण्डेय महादेव |
| द्वितीय | मार्कण्डेय महादेव से | पड़ाव | व्यास काशी | | रामनगर किला |
| तृतीय | रामनगर किला से | कर्मदेश्वर | भीमचण्डी | | रामेश्वरम |
| चतुर्थ | रामेश्वरम से | कपिलधारा | | | विश्वविद्यालय परिसर समापन में |

उपरोक्त साइकिल यात्रा हेतु **प्रो॰ राघवेन्द्र जी दूबे, समन्वय एन॰एस॰एस॰ को संयोजक एवं** एवं **डॉ॰ विजेन्द्र कुमार आर्य, एन॰सी॰सी॰ अधिकारी को सह-संयोजक नामित किा जाता है। डॉ॰ रविशंकर पाण्डेय, डॉ॰ दिव्य चेतन ब्रह्मचारी एवं डॉ॰ कुंज बिहारी द्विवेदी** द्वारा उक्त कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया जायेगा।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

24/2/25

**सहायक कुलसचिव (प्रशा॰)**



Scanned with OKEN Scanner

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त सम्बन्धित संयोजक एवं सह-संयोजक।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
4. पुस्तकालयाध्यक्ष।
5. निदेशक, प्रकाशन/अनुसंधान संस्थान।
6. परीक्षा नियंत्रक।
7. प्रबन्धक/प्राचार्य को इस आशय से कि अपने से सम्बन्धित कार्यवाही शासनादेशानुसार कराना सुनिश्चित करायें।
8. सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से कि सम्बन्धित सूचना सम्बद्ध महाविद्यालयों को उनके लॉगिन आई॰डी॰ के माध्यम से प्रेषित कराने का कष्ट करें।
9. समस्त सहायक कुलसचिव।
10. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
11. समस्त अधीक्षक।
12. सम्बद्ध पत्रावली।

24/12/25

**सहायक कुलसचिव (प्रशा॰)**



Scanned with OKEN Scanner

**अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में दिनांक 13.02.2025 को प्रज्ञा कक्ष, राजभवन में हुई ऑनलाइन बैठक का कार्यवृत्त।**

सम्मिलित अधिकारीगण–

1– समस्त कुलपति/कुलसचिव उत्तर प्रदेश (वर्चुअली/ऑनलाइन)
2– डा0 पंकज एल0 जानी, विशेष कार्याधिकारी(शिक्षा), श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
3– श्री हेमन्त कुमार चौधरी, उप सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
4– श्री एस0डी0 पौल, अनुभाग अधिकारी (शिक्षा–1), राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश।
5– श्री इन्द्रसेन, अनुभाग अधिकारी (शिक्षा–2), राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश।

बैठक का प्रारम्भ अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा वर्चुअली/ऑनलाइन बैठक में सम्मिलित समस्त कुलपति एवं अन्य सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए निम्नानुसार 13 बिन्दुओं की समीक्षा बैठक प्रारम्भ की गयी:–

**1– अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन के संबंध में।**

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिनांक 08 मार्च, 2025 के अवसर पर समस्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों को यह निर्देश दिये गए कि पूर्व में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतियोगिता/कार्यक्रम की भांति महिला दिवस के अवसर पर भी 6 समूह में निम्नलिखित दो प्रतियोगिताएँ समस्त विश्वविद्यालय/संस्थान के बीच महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा सम्पन्न करायी जाए:–

**(क)** भाषण प्रतियोगिता जिसके विषय निम्नवत् होगें–

1. दहेज प्रथा उन्मूलन
2. बाल विवाह पर प्रतिबंध
3. विकसित भारत की संकल्पना
4. वृद्धाश्रम की जरूरत क्यों है?
5. कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान

**(ख)** नाट्य प्रस्तुति (नाट्य प्रस्तुति में 8 से 10 छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है) जिसके विषय निम्नवत् है:–

1. अहिल्या बाई होलकर
2. द्रौपदी वस्त्रहरण
3. श्रवण कुमार की अपने माता–पिता के प्रति भक्ति
4. भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश
5. राम वनवास
6. भरत मिलाप

प्रतिस्पर्धा के विभिन्न चक्र निम्नानुसार होगें:–

**(क) प्रथम चक्र–** विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय का चयन किया जायेगा। इसके पश्चात् उन विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय का चयन किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

ऐसे Stand alone विश्वविद्यालय (जिनके पास कोई सम्बद्ध महाविद्यालय नहीं हैं) के स्तर पर प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के विजेता को चिन्हांकित किया जायेगा।

**(ख) द्वितीय चक्र–** 06 विश्वविद्यालयों के समूह में प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक प्रतिस्पर्धा में चिन्हित विजेताओं (प्रथम व द्वितीय) के मध्य प्रतिस्पर्धा होगी। 06 विश्वविद्यालय समूह में की जाने वाली प्रतिस्पर्धा में भाषण प्रतिस्पर्धा में प्रत्येक समूह से 02 विजेता (प्रथम व द्वितीय) घोषित किये जायेंगें तथा नाट्य प्रतिस्पर्धा में 02 टीम (प्रत्येक टीम में अधिकतम् 10 प्रतिभागी हो सकते हैं) विजेता (प्रथम व द्वितीय) घोषित की जायेंगी।

**(ग) तृतीय चक्र–** उत्तर प्रदेश राजभवन में प्रदेश स्तरीय प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेंगी। विजेता छात्रों/टीम के मध्य राजभवन में इन प्रतिस्पर्धाओं (जैसा उक्त प्रस्तर–ख में अंकित है) को दिनांक 08.03.2025 को आयोजित किया जायेगा, जिसकी अध्यक्षता मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा की जायेगी ।

उक्त के अतिरिक्त 05 विश्वविद्यालय (1–लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, 2–महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली, 3–सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, 4–पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, 5–काशी विद्यापीठ, वाराणसी) एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के मध्य अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं की भाषण प्रतिस्पर्धा आयोजित करायी जायेगी, जिसमें प्रत्येक विश्वविद्यालय से 02–02 विजेता (प्रथम व द्वितीय) प्रतिभागी उपलब्ध करायें जायेंगें, जो राजभवन में मा0 कुलाधिपति महोदया के समक्ष दिनांक 08.03.2025 को प्रस्तुतीकरण देगें।

(कार्यवाही–समस्त कुलपति/निदेशक)
(समय सीमा–दो सप्ताह)

**2– राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय रैंकिग हेतु एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन के संबंध में।**

5 मार्च को राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय रैंकिग हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नवास विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित कराने के निर्देश दिये गए जिसमें NIRF फ्रेमिंग, QS एशिया रैंकिंग तथा QS World रैंकिंग के लिए वर्कशाप का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कुलपति, कुलसचिव, IQAC हेड, वित्त नियंत्रक के साथ 5–6 शिक्षक सम्मिलित रहेंगे। यह कार्यक्रम पूर्व वर्ष में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में हुये "शिक्षा मंथन" की तर्ज पर सेल्फ फंडिंग द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। इसके लिए एक समिति का गठन किया जायेगा एवं समिति की संस्तुति अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

(कार्यवाही–समस्त कुलपति/निदेशक)
(समय सीमा– एक सप्ताह)

**3– विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली सम्बद्धता के संबंध में।**

नये महाविद्यालय/नया विषय/नया वर्ग/नया संकाय/महाविद्यालयों को स्थाई सम्बद्धता देने सम्बन्धी प्रकरणों में विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति द्वारा यह भी सुनिश्चित/सत्यापित किया जाय कि जो शिक्षक पूर्व में अनुमोदित/नियुक्त किये गये थे,

Scanned with OKEN Scanner

13– **पी0एम0 ऊषा (प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान)**

पी0एम0 ऊषा से प्राप्त होने वाली धनराशि से जेम पोर्टल से क्रय की जाने वाली सामग्री आदि के संबंध में समस्त विश्वविद्यालय/संस्थान के वित्त नियंत्रक/कुलसचिव, द्वारा जेम पोर्टल के नियमों को अच्छे से समझ लिया जाए व तद्नुसार जेम पोर्टल से क्रय प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। पी0एम0 ऊषा का विवरण तथा इसके अन्तर्गत प्राप्त ग्राण्ट के उपभोग सम्बन्धी प्रमाण पत्र सम्बन्धित को समयानुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। इसके अतिरिक्त यदि जेम पोर्टल पर क्रय संबंधी कोई कठिनाई आ रही है तो डा0 कृष्ण मुरारी, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जेम पोर्टल, उ0प्र0 से सम्पर्क स्थापित कर उसका निराकरण कराया जाए।

(कार्यवाही–समस्त विश्वविद्यालय/संस्थान के वित्तनियंत्रक/कुलसचिव)
( समय सीमा– दो सप्ताह )

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गयी।

**( डा0 सुधीर एम0 बोबडे )**
**कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।**

**राज्यपाल सचिवालय, लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश–226027**
**संख्या: ई– 1112 /32–जी0एस0/2024 XXIII**
**दिनांक: 21 फरवरी, 2025**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– समस्त कुलपति/निदेशक, राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान, उ0प्र0।
2– समस्त कुलसचिव/वित्त नियंत्रक, राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान, उ0प्र0।
3– अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल के निजी सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
4– विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) श्री राज्यपाल के निजी सचिव को विशेष कार्याधिकारी के अवलोकनार्थ।

**( डा0 पंकज एल0 जानी )**
**कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी।**

Scanned with OKEN Scanner